August 7, 2023

विद्यार्थी जीवन में सफलता के सूत्र

एक विद्यार्थी के जीवन में समय तथा अनुशासन का बहुत मूल्य होता है | जीवन में केवल वही छात्र सफल हो सकता है जिसने अनुशासन में रहकर समय की कद्र करते हुए सफल होने के लिए अथक तथा उचित प्रयास किये और अंत में अपने लक्ष्य को प्राप्त किया |



प्रत्येक व्यक्ति के लिए सफलता तथा परिश्रम के अलग मायने हैं | जीवन में प्रगति के पथ पर आगे बढ़ते रहना ही असली सफलता है परन्तु सच्ची सफलता वही है जो दूसरों को दुःख न देते हुए हमें मन की शांति तथा प्रसन्नता प्रदान करे | इसी प्रकार एक छात्र के जीवन में भी सफलता का अलग स्थान है | उस सफलता
को प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी के जीवन में एक उद्देश्य अथवा प्रयोजन का होना अति आवश्यक है | उद्देश्य के बिना जीवन का कोई मूल्य नहीं |

एक विद्यार्थी को अपने जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समय के महत्त्व को समझने की बहुत आवश्यकता है | किसी ने सही कहा है कि बीता हुआ समय कभी वापस नहीं आता इसलिए समय को मूल्यवान जानकर सभी कार्यों को उचित तरीके से पूरा

करना चाहिए | विद्यार्थी के लिए अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ते हुए सकारात्मक सोच को बनाये रखना बहुत ज़रूरी है जो उसे नकारात्मक विचारों से दूर रहने में मददगार साबित होती है |



आचार्य चाणक्य ने भी विद्यार्थी जीवन को एक तप के समान माना है | जब तक विद्यार्थी लक्ष्य को पाने के लिए कठोर परिश्रम नहीं करता तब तक वह कामयाबी हासिल नहीं कर सकता |

Pushpa Bisht
TGT
Kids 'R' Kids School